तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 10 सितंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 भाजपा की सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला...



14 कृषि अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर...



## खबर संक्षेप

### 10 खिलाड़ी राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए चयनित



**कांकेर।** धरमपुरा इंडोर स्टेडियम जगदलपुर में बस्तर संभाग स्तरीय स्कूल गेम्स कराते चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बस्तर संभाग के 250 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिले से कुल 21 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से शाउमावि लेंडारा विकासखंड नरहरपुर के 10 खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय स्कूल क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों में आंचल नेताम, रिंकी भास्कर, राहुल शोरी, देवेश यादव, नीरज भास्कर, अरुण नेताम, अजित वट्टी, शिवानंद शोरी, सुनील उइके व राज यादव है। राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता 15 से 18 अक्टूबर तक बिलासपुर में होगी।

### ईरागांव में आज दुर्रे बंजारी छत्तीसगढ़ नाचा

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत बरहेली के आश्रित ग्राम ईरागांव में नव युवक गणेशोत्सव समिति शीतलापारा के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ी नाचा आज 10 सितंबर बुधवार को आयोजन कराया जा रहा है। उक्ताशय जानकारी कमलेश राना, विजय चुरेंद्र, जगत कोरटिया ने दिया।

### 9 वीं में प्रवेश, चतुर्थ प्रतीक्षा सूची की होगी काउंसिलिंग

**कांकेर।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव, बिलासपुर एवं बलरामपुर में शिक्षण सत्र-2025-26 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची आदिवासी विकास विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग व्हीआईपी सीटी कॉलोनी के सामने रायपुर में काउसिंलिंग किया जाएगा, इसके लिए काउसिंलिंग तिथि 12 एवं 13 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से सायं 05 तक निर्धारित की गई है।

## कार्रवाई : अपर संचालक कृषि ने कृषि संबंधी गतिविधियों का लिया जायजा

# अनियमितता बरतने वाले निजी कृषि केंद्रों के उत्पादों की बिक्री पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- खाद बीज, दवा बिक्री नियम का उल्लंघन करने वाले कृषि सेवा केंद्रों पर सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश





जिले के भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में संचालित निजी कृषि सेवा केंद्रों का अपर संचालक सीबी लोढेकर ने औचक निरीक्षण कर उर्वरक भंडारण एवं विक्रय के सबंध में भौतिक जांच की गई। निजी कृषि सेवा केंद्र के संचालक मेसर्स जैन कृषि केंद्र भानुप्रतापपुर के पॉस मशीन एवं उर्वरक गोदाम का भौतिक निरीक्षण में किसान को कम्पोस्ट खाद जिसकी मात्रा 25 बैग एवं ह्यूमिक एसिड काला सोना मात्रा 10 पैकेट को विक्रय के लिए प्रतिबंधित कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

जिले में यूरिया के लगातार चल रहे संकट के कारण प्राइवेट दुकानदार चार गुना ज्यादा दाम में यूरिया एवं अन्य खाद बेच रहे है और पाश मशीन में अंकित नहीं कर रहे है। इसकी लगातार शिकायत होने के चलते जिले की टीम लगातार प्राइवेट दुकानों में छापामार कार्रवाई कर रही है। कुछ दिन पहले भानबेड़ा में एक दुकान को सील किया गया है, वहीं जिला की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। यूरिया संकट और दुकानदारों के द्वारा की जा रही लापरवाही को जाँचने के लिए रायपुर से 9 सितंबर को अपर संचालक ने भी कांकेर जिला में दस्तक दिया। निजी दुकानों में कई ऐसे सामान मिले, जिसे प्रतिबंधित करने नोटिस जारी करने निर्देशित किया। किसानों को यूरिया नहीं मिल पाने के कारण उनके द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सम्बलपुर का भी निरीक्षण कर यूरिया खाद की उपलब्धता तथा मांग की जानकारी ली गई।

उन्होंने मौके पर उपस्थित कृषकों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के उपयोग के बारे में जानकारी भी दिया। निरीक्षण के दौरान मौजूद कृषक बिहारी लाल जैन एवं अन्य कृषकों के द्वारा नैनो यूरिया नैनो डीएपी का स्वयं के खेत में उपयोग करने पर फसलों में अच्छा परिणाम प्राप्त होने की जानकारी दी गई। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपर संचालक ने वहां मौजूद किसानों को नैनो खाद का अधिक से अधिक उपयोग करने और अपने फसलों में छिड़काव करने के लिए प्रेरित किया।

### अपर संचालक के निरीक्षण से मचा हड़कंप

अपर संचालक निरीक्षण के लिए भानुप्रतापपुर पहुँचे, इसकी जानकारी निजी दुकानदारों को मिल गई। दुकानदारों के बने वाट्सएप ग्रुप में निरीक्षण का मैसेज चला, उसके बाद कई दुकानदार अपनी दुकान बंद करके गायब हो गए, कई दुकानदार ने अपने रिकार्ड सुधार लिए। जानकारों ने बताया कि दुकानदारों के गोदाम दुकान से दूसरी जगह पर है और इसकी जानकारी किसी को नहीं है। विभाग प्रमुखों को इनके गोदाम की भी जाँच करने की जरूरत है, तभी इनके गड़बड़ी का खुलासा हो सकेगा।

### बीज उत्पादन कार्यक्रम का किया निरीक्षण

अपर संचालक ने भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम तुड़गे के किसान नर्मदा नेताम के ढाई एकड़ खेत में लगे बीज उत्पादन योजनांतर्गत उड़द फसल का भी निरीक्षण कर मौजूद कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि जितेंद्र कोमरा, एडीए हरीश नेताम, अनुविभागीय कृषि अधिकारी एनके नाग, जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया, एसएडीओ महात्मा तेता सहित कृषकगण उपस्थित रहे।

# परलकोट परिवहन संघ ने बांस ढुलाई में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

बांदे इलाके में बांस के परिवहन का कार्य राजनांदगांव के व्यापारी को मिला है, परंतु उसने परिवहन संघ से हुए वादे के अनुसार संघ के वाहनों को बांस ढुलाई में नहीं लगाया जा रहा है, उसके द्वारा स्वंय के वाहन को लगाया जा रहा है। परलकोट परिवहन संघ ने 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी की मांग करते हुए एसडीएम क नाम ज्ञापन सौंपा है। माँग पूरी नहीं होने पर आने वाले समय में आंदोलन किए जाने की बात कही है। परलकोट परिवहन संघ पखांजुर के पदाधिकारियों का आरोप है कि राजनांदगांव के व्यापारी राजेश खंडेलवाल, जो बांदे रेंज के बांस डिपो से बांस खरीद रहे हैं, पहले हुए समझौते का उल्लंघन कर रहे हैं और परिवहन का काम खुद ही कर रहे हैं। परलकोट संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विगत समय हुई बैठक में यह तय हुआ था कि बांस ▶▶| शेष पेज 12 पर

### वाहन मालिकों को हो रहा नुकसान

परलकोट संघ का दावा है कि इस वजह से स्थानीय वाहन मालिकों को भारी नुकसान हो रहा है। जब इस बारे में ठेकेदार से बात की गई तो उन्होंने कथित तौर पर राजनीतिक दबाव का हवाला देते हुए हिस्सेदारी देने से साफ इंकार कर दिया और धमकी भी दी। संघ ने चेतावनी दिया है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है, तो वे परलकोट क्षेत्र से बांस की ढुलाई नहीं होने देंगे।

## बांदे पुलिस को मिली सफलता

# तीन गांजा तस्करों से साढ़े 4 किलो गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- आरोपियों के पास से एक मोटर सायकल बरामद, नेटवर्क की हो रही तलाश




बांदे पुलिस ने नशे के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 4 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 70,000 बताई गई है। इसके अलावा पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की गई एक मोटर साइकिल और नकद राशि भी बरामद किया है। आरोपियों से जब्त कुल माल की कीमत 1 लाख 53 हजार रुपए है। बांदे पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ लोग गांजा लेकर जा रहे है। पखांजुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि पीव्ही 108 शंकर नगर का रहने वाला विश्वजीत सरकार अपने साथी मिथुन जयधर के साथ मोटरसाइकिल पर एक अन्य व्यक्ति को बिठाकर पखांजूर की ओर जा रहा है और उनके पास गांजा है। बांदे थाना प्रभारी ने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक टीम गठित किया। गठित टीम ने आरोपी को पीवी 83 गोविंदपुर ▶▶| शेष पेज 12 पर

### घेराबंदी कर पकड़ा आरोपियों को

इस संबंध में पखांजुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार कुर्रे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हमने टीम तैयार की और घेराबंदी करके तीनों आरोपियों को पकड़ा गया। उनके पास से गांजा जब्त किया गया है। उनके पास से भारी मात्रा में गांजा और अन्य सामान बरामद हुआ है। आरोपियों से पूछताछ जारी है, ताकि इस गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत हुचाड़ी निवासी 23 वर्षीय राजकली कुमेटी बिजली करंट की चपेट में आ गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 अगस्त को सुबह 10 बजें मृतिका घर आंगन पर थी। अचानक बिजली करंट के संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## जिला पेंशनधारी कल्याण संघ की आज बैठक

**भानुप्रतापपुर।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कांकेर की बैठक प्रहलाद नायक अलबेलापारा कांकेर के निवास में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता कन्हैया सिंह ठाकुर करेंगे। बैठक में संघ के लिए भवन, आय व्यय ब्यौरा, संभागीय समारोह में भागीदारी, पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण इत्यादि विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। जिला की त्रैमासिक बैठक 10 सितंबर को तय किया गया है।

## धनोरा के शराब कोचिया को पुलिस ने दबोचा



**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत धनोरा से पुलिस ने शराब कोचिया को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। दुधावा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी धनोरा निवासी 48 वर्षीय सुनील कुमार राय अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। जानकारी की तस्दीक कर पुलिस ने 8 सितंबर को रात साढ़े 8 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से 16 पौवा देशी मसाला, 10 पौवा जम्मू अंग्रेजी शराब व नगद 400 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया

***दुर्गूकोंदल।*** *पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में विश्व साक्षरता दिवस शिक्षक- शिक्षकाओ और विद्यार्थियों के उपस्थिति में मनाया गया, जिसमें छात्र- छात्राओं ने पुस्तक वाचन, भाषण, आदि प्रस्तुत किए । व्याख्याता बंगोमारानी चक्रवर्ती ने साक्षरता के महत्व को बताया। इस मौके पर समस्त शिक्षक दिलीप सेवता, कोमल एक्का, सुनयना साहू, तपश्वनि दलाई, जागृति दरो, दीपा बाउल आदि राष्ट्रीय सेवा योजना के विधार्थी गुलशन, प्रियंका, अरविंद, ललित, भूपेश, सावित्री, उर्मिला आदि उपस्थित रहे।*

## किसान और समिति पदाधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

# धान उपार्जन केंद्र चारभाटी के प्रबंधक पर गबन का आरोप, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- किसानों ने धान की आपूर्ति नहीं की, पर रिकार्ड में चढ़ा



जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सहकारी समिति कुरना के धान उपार्जन केंद्र चारभाटी में प्रबंधक गुलशन सिन्हा द्वारा भारी फर्जीवाड़ा और अनियमितताओं का मामला सामने आया है। किसानों और समिति पदाधिकारियों ने लिखित शिकायत कर कलेक्टर से इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग किया है। धान उपार्जन केंद्र चारभाटी के प्रभारी लोमन जुर्री ने प्राधिकृत अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर बताया कि प्रबंधक गुलशन सिन्हा के दबाव में कुछ किसानों के नाम पर बिना धान बेचे ही फर्जी तरीके से 378 कट्टा धान खातों में चढ़ाने का निर्देश दिया गया। किसानों द्वारा वास्तविक रूप से धान की आपूर्ति नहीं की गई थी, इसके बावजूद रिकॉर्ड में खरीदी दर्ज कर दी गई। मामले की स्थिति बिगड़ने पर खरीदी प्रभारी ने आपत्ति दर्ज किया, जिसके बाद कहीं से जुगाड़ कर मात्र 125 कट्टा धान मंगाकर तत्कालीन कंप्यूटर ऑपरेटर रमेश नेताम के माध्यम से उसे छत्तीसगढ़ राइस मिल कांकेर को भेजा गया, शेष 253 कट्टा धान की पूर्ति नहीं हो सकी। इसकी कुल राशि लगभग 3 लाख 13 हजार 720 बनती है, जो अब तक गायब बताई जा रही है। यही नहीं प्रबंधक पर कर्मचारियों पर दबाव डालते हुए उपार्जन केंद्र चारभाटी में 31 क्विंटल ▶▶| शेष पेज 12 पर

### हमाली की राशि में भी किया गबन

धान खरीदी में किसानों की 43 हजार 357 रुपएं की हेमाली राशि में से केवल 15 हजार 766 रुपएं का भुगतान किया गया, जबकि शेष 27 हजार 591 रुपएं को भी प्रबंधक द्वारा गबन कर लिया गया। इस राशि का उपयोग किसानों के हित में होना था, लेकिन समिति को विश्वास में लिए बिना ही मनमानी तरीके से इसका आहरण किया गया।

### कार्रवाई नही होने पर होगा आंदोलन

ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होना पड़ेगा। किसान और समिति के पदाधिकारी अब जिला प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठा है कि धान खरीदी जैसे संवेदनशील मामले में आखिर कब सख्त कार्रवाई होगी।



**खबर संक्षेप**

## गौशाला को संचालन के लिए बनाई गई समिति

**कांकेर**। शहर में सड़कों पर गौ पालकों द्वारा छोड़े गए लावारिस मवेशियों से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई हादसों में जनहानि और पशुहानि भी हो चुकी है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए संजय नगर वार्ड में गौशाला बनाई गई, जहाँ फिलहाल 100 से अधिक गायों की देखभाल की जा रही है। गौशाला को और सुविधाजनक बनाने एवं बेहतर संचालन के लिए बाबा रामदेव मंदिर सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधायक आशाराम नेताम और नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन कर समिति का गठन किया गया।

## डुरकोढोंगा में लगा स्वास्थ्य शिविर



**जगदलपुर**। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड डॉ. गजेन्द्र सेठिया के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत छिंदगांव क्रमांक 2 के डुरकाढोंगा पारा जो पहुंचविहीन क्षेत्र होने से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60 मरीजों का उपचार ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्रीमती गंगा यादव द्वारा किया गया एवं शिविर में संस्थागत प्रसव के बारे मे उपस्थित ग्रामीणो का प्रेरित किया गया। इस शिविर में 20 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया, जिसमे ग्रामीणों को गंभीर बिमारियों का इलाज भर्ती होने पर दिया जाता है। डॉक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों को घरों के आसपास साफ सफाई एवं रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग एवं बासी भोजन न करने की समझाईश दी। ग्रामीण चिकित्सा सहायक ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया एवं जननी सुरक्षा योजना के लाभ लेने प्रत्येक गर्भवती माता को समझाया। इस अवसर पर डॉक्टर सहित पर्यवेक्षक मुन्नालाल पानीग्राही, गामीण स्वास्थ्य संयोजक अनीस साय, तुलेन्द्र पांडे, चन्द्रप्रकाश सेठिया रहे। उक्त जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के पर्यवेक्षक दिनेश पराते ने दी है।

## आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए बनाए गए 18 परीक्षा केंद्र

**जगदलपुर**। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 14 सितंबर को आयोजित होने वाली आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज, झाड़ा सिराहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय, शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल क्र.1, शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेंडरी स्कूल, सेजेस शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल क्र.2, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स कैंपस धरमपुरा स्थित स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, संजय मार्केट रोड स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम स्कूल, रेलवे कालोनी स्थित स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, धरमपुरा-2 स्थित धरमू माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक, भगत सिंह शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, बाल बिहार हायर सेकेंडरी स्कूल, निर्मल हायर सेकेंडरी स्कूल, वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय कंगोली, आसना स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, विद्यापती एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल तथा सक्सेस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हॉल में प्रवेश के लिए गेट पर मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थियों की जांच की जाएगी।

# सर्वांगीण विकास के लिए दुर्गूकोंदल एवं दमकसा क्लस्टर में हुआ प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल**

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कलस्टर दुर्गुकोंदल एवं दमकसा में हुआ। जिसमें जनजातीय प्रमुख, समाजसेवी संस्था, युवा नेता, जनप्रतिनिधियों, सक्रिय महिला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन, 9 लाइन विभाग के मैदानी अमले शामिल हुए। आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण में आदि कर्मयोगी अभियान के प्रशिक्षण में बताया गया कि जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए मैदानी स्तर पर कार्य करना ही हमारा लक्ष्य है। जनजातीय विकास और परिर्वतन के लिए व्यक्तियों और संस्थानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ग्राम स्तर पर ऐसे लोगों का समूह बनाया जाए, जो जनजातीय समुदाय की परम्पराओं, संस्कृति से जुडकर उनके उत्थान के लिए कर्तव्य परायणता के साथ अपनी भूमिका निभाऐंगे। भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्वाधान में आदि कर्म योगी रेस्पोन्सिव गर्वेनेस प्रोग्राम अंतर्गत प्रशिक्षण में आयोजित खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर खंड के सभी लाइन डिपार्टमेंट के कर्मचारी उपस्थित रहें। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि मैदानी स्तर पर प्रत्येक गांव में 10 से 15 लोगों का ऐसा समूह तैयार किया जाना है, जो जनजातीय समुदाय को विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ दिलाते हुए ग्राम के समग्र विकास का एक्शन प्लान तैयार करना और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना।

**आदि कर्मयोगी अभियान**



### 128 आदि सेवा केंद्र होंगे स्थापित

सभी विभाग आपस में समन्वय कर कार्य करना तथा अपनी-अपनी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए पहल सुनिश्चित करना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि इस अभियान अंतर्गत ग्राम स्तर के वॉलेटियर्स को ग्राम एक्शन प्लान बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में 128 आदि सेवा केंद्र की स्थापना किया जाएगा। प्रशिक्षण में जनपद पंचायत के करारोपण अधिकारी रमेश किशोरे, डीईओ आर डी ठाकुर, कमलेश साहू संकाय सदस्य के द्वारा अभियान से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्रशिक्षणार्थी को जानकारी दिया गया।

**आयोजन : समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

# निर्माण कार्यों में राशि का उपयोग नहीं कर पाने वाले अधिकारी आवंटन करें वापिस

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर**



समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने लंबित प्रकरणों की विभागवार प्रगति की समीक्षा किया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए विभागों को काफी समय पूर्व राशि आबंटित की गई थी, किन्तु उनके द्वारा अब तक अनेक कार्य प्रारंभ नहीं कराए गए।

उन्होंने संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो अधिकारी काम प्रारंभ नहीं करा पा रहे हैं, उनके निर्माण कार्य को निरस्त किया जाकर आवंटित राशि तत्काल वापस करें। इस दौरान कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के सामुदायिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित जीवनदीप समिति की राशि का उपयोग अस्पताल की व्यवस्था दुरूस्त करने तथा उपकरण खरीदने के लिए करें, जिससे इन अस्पतालों का बेहतर ढंग से संचालन किया जा सके। बैठक में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विभागों द्वारा जितनी भी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, उनमें रजत जयंती वर्ष के लोगो का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। सामाजिक अंकेक्षण के तहत ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों से राशि वसूली नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने इस पर नियमानुसार सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी भवन तथा पीडीएस सेंटर भवन निर्माण लंबित कार्यां की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिले में 192 लंबित आंगनबाड़ी भवन निर्माण की वर्तमान स्थिति के फोटोग्राफ्स लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीडीपीओ उपलब्ध कराएं। इसी तरह पीडीएस सेंटर के 21 लंबित भवन निर्माण संबंधी अद्यतन जानकारी खाद्य अधिकारी व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करें। आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जिला स्तर की महिला अधिकारियों को कन्या छात्रावास का नियमित भ्रमण करने तथा वस्तुस्थिति से अवगत होकर जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने ई-ऑफिस के जरिए ही नोटशीट एवं शासकीय पत्राचार करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए।

इस दौरान उन्होंने एलडब्ल्यूई सर्वे रिपोर्ट, नियद नेल्लानार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन, पोषण पुनर्वास केन्द्र, विशेष केंद्रीय सहायता मद सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

आयोजित बैठक में डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे एवं डीपी साहू, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय जितेन्द्र कुमार कुर्रे एवं एएस पैकरा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद थे।

# एकता पैनल ने घोषणा पत्र को किया उजागर, संघ को न बनाएं अखाड़ा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर**

परिवहन संघ चुनाव को लेकर एकता पैनल ने प्रेस वार्ता कर कहा कि संघ को राजनीतिक अखाड़ा न बनाया जाए। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुरदीप सिंह ढींढसा ने कहा कि बीते 5 वर्षों में संघ के हित के लिए कई आंदोलन किए गए, जिससे ट्रक मालिकों को भाड़ा वृद्धि, रेशियो बढ़ोत्तरी और लंबित भुगतान जैसी उपलब्धियां मिलीं।

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार ने कहा कि मेटाबोदेली, सीएमडीसी, मोनेट और चेमल माइंस में संघर्ष के बाद काम मिला, वहीं कच्चे माइंस में पूर्व अध्यक्ष की सांठगांठ से भाड़ा कम होने से ट्रक मालिकों को नुकसान हुआ, इसके खिलाफ आंदोलन कर काम दिलाया गया। संघ के साथ-साथ जनहित में भी कार्य किए गए हैं, जिनमें 24 घंटे एम्बुलेंस, स्वर्गरथ वाहन और मंदिर निर्माण में सहयोग प्रमुख हैं। उपाध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीकांत ठाकुर, सचिव प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह सिद्धू, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी गोलू शुशांत सिंह पवार एवं सह सचिव प्रत्याशी ने एकजुट होकर कहा कि संघ को बचाना है। एकता पैनल का घोषणा पत्र में कहा गया कि हमारी टीम किसी भी ट्रांसपोर्टर की मिलीभगत से परिवहन अनुपात व दर से समझौता नहीं करेंगे, ऑनलाइन पुकार निरन्तर जारी



रहेगा। पुकार किसी भी सदस्य द्वारा बही किया जाएगा। स्टाफ को पूरा अधिकार होगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे, सभी सदस्यों में कोटे की जांच होंगी, कोटे अनुसार ही गाड़ी बोर्ड में लगेगी, सभी सदस्यों से यूनियन मंथली रकम 200 निर्धारित किया जाएगा, सदस्य के वाहन दुर्घटना होने पर स्पेशल ट्रिप दिया जाएगा, चेमल माइंस में डीजल दिया जाएगा, हमारी टीम किसी भी राजनितिक पार्टी के दबाव में आकर यूनियन सदस्यों के 10 अधिकार से समझौता नहीं करेंगे, हम किसी भी आंदोलन में पीछे नहीं होंगे, रैकपाइप पर कार्य बढ़ाने की योजना पर जोर दिया जाएगा, इंजन कमानी इलेक्ट्रिक वर्क इन रिपेयर के लिए दर निर्धारित किया जाएगा, सभी माइंस के परिवहन दर व सदस्यों के भुगतान की जानकारी उपलब्ध कराया जाएगा।

# गांजा की तस्करी कर रहा एमपी का तस्कर गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर**

गांजा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने मध्यप्रदेश के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 7 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है। आरोपी को उस समय घेराबंदी कर पकड़ा गया जब वह एमपी जाने बस का ओडिशा बार्डर में इंतजार कर रहा था।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि ओडिशा के मलकानगिरी से छग की ओर आने गांजा तस्कर बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पर टीम ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 मेनरोड के पास पहुंचकर बस का इंतजार कर रहे आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम हरीराम केंवट 27 वर्ष निवासी ग्राम भमराहा पोस्ट बिजौरी तहसील मानपुर थाना मानपुर जिला उमरिया मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया।

आरोपी के कब्जे के 3 पैकेट सैलोटेप से लिपटा हुआ 7.006 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 70 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई जदुराम बघेल, प्रधान आरक्षक धरम कश्यप, आरक्षक दशरू नाग व सैनिक राजकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ईसाई कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटन पर सर्व आदिवासी युवा प्रभाग ने जताई आपत्ति



**दुर्गूकोंदल**। विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल में ईसाई कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटन के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सर्व आदिवासी युवा प्रभाग ने ग्राम पंचायत को आवेदन देकर इस प्रस्ताव पर कड़ी आपत्ति जताई है।

सर्व आदिवासी समाज संगठन ने मांग किया है कि इस भूमि को ईसाई कब्रिस्तान के लिए आवंटित न किया जाए। मसीह समाज ने 18 अगस्त को तहसील अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपकर पटवारी हल्का नंबर16 की शासकीय भूमि को कब्रिस्तान के लिए आवंटित करने की माँग किया था। इसके बाद तहसील कार्यालय ने भूमि का सर्वेक्षण कर नक्शा एवं खसरा की प्रतिलिपि तैयार करने का निर्देश जारी किया। इस पर सर्व आदिवासी युवा प्रभाग दुर्गूकोंदल ने इस भूमि आवंटन का विरोध करते हुए ग्राम पंचायत को पत्र लिखा है। संगठन का कहना है कि इस तरह का भूमि आवंटन आदिवासी समाज की सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक संतुलन को नुकसान पहुंचा सकता है। सर्व आदिवासी युवा प्रभाग ने यह भी कहा कि शासकीय भूमि आदिवासी समाज के अधिकारों और उनकी परंपराओं की रक्षा के लिए संरक्षित रहनी चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत से आग्रह किया है कि ईसाई कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटन की अनुमति न दिया जाए।

# आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सरोना में 87 छात्राओं को बांटी गई सायकल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना**

प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी सरस्वती सायकल योजना के तहत शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना में कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत छात्राओं को मुफ्त सायकल का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 87 सायकलें छात्राओं को प्रदान की गईं।

सरस्वती सायकल योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ना, उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना और शिक्षा के प्रति उनमें उत्साह बढ़ाना है। इस योजना से खासकर उन बालिकाओं को सीधा लाभ मिलेगा, जिनके घर विद्यालय से काफी दूर हैं और जिन्हें रोजाना पैदल लंबा सफर तय करना पड़ता था। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को सायकल की चाबी सौंपते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की



यह योजना शिक्षा में समानता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। सायकल मिलने से अब वे बिना किसी कठिनाई के नियमित रूप से विद्यालय आ-जा सकेंगी और अपनी पढ़ाई पूरी लगन से कर पाएंगी। विद्यालय प्राचार्य अनिता दास ने कहा कि यह योजना न केवल बालिकाओं की शिक्षा में सहायक है बल्कि यह नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी एक मजबूत कदम है। सायकल पाकर छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कई छात्राओं ने बताया कि पहले रोजाना लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती थी जिससे पढ़ाई में बाधा आती थी, लेकिन अब सायकल मिलने से समय और ऊर्जा दोनों की बचत होगी और वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। सरोना विद्यालय परिसर में आयोजित इस सायकल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेक, ग्राम सरपंच दीपिका वटी, उप सरपंच दिनेश सहारे, ग्राम पटेल मोहन नेताम, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष भारत निषाद, ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी, वार्ड पंच राकेश कोड़ोपी, तामेश्वर कोराम तथा विद्यालय की प्राचार्य अनिता दास सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जीएसटी के माध्यम से जनता से की गई लूट को छुपाने का प्रयास : चौधरी

**हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर**

■ नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा पर लगाया वाहवाही लूटने का आरोप

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, विधायक एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा यह दावा किया गया है कि जीएसटी के स्लैब में कटौती से देश की जनता को बड़ा लाभ हुआ है। यह बयान आश्चर्यजनक है वास्तव में जीएसटी दरों में कटौती से जनता को राहत मिल रही है, तो भाजपा को यह भी स्वीकार करना चाहिए कि पिछले 8 वर्षों में इसी जीएसटी व्यवस्था के माध्यम से जनता को लूटा गया।



जीएसटी लागू होने के बाद से छोटे व्यापारियों, मझोले उद्यमों, किसानों, बेरोजगारों, छात्रों तथा आम उपभोक्ताओं को जिस प्रकार से आर्थिक बोझ उठाना पड़ा है, उसकी भरपाई क्या अब कुछ स्लैब कम करने से हो जाएगी।

भाजपा सरकार ने जबरन एक ऐसी कर व्यवस्था थोपी, जिसमें आम आदमी को रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर भी भारी टैक्स चुकाना पड़ा। नोटबंदी, महंगाई और बेरोजगारी के साथ मिलकर जीएसटी ने आम नागरिक की कमर तोड़ दी। अब जब बिहार व अन्य राज्यों में चुनाव नजदीक हैं, तो जीएसटी स्लैब में मामूली कटौती करके इसे जनहितैषी कदम बताना जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा है। उन्होंने कहा जनता जानना चाहती है कि पिछले 8 वर्षों में जीएसटी से केंद्र सरकार ने कितनी अतिरिक्त आमदनी की। उन पैसों का लाभ किसे मिला जनता को या पूंजीपतियों को अब जो दरें घटाई जा रही हैं क्या वह भी चुनावी रणनीति का हिस्सा है।

भारतीय जनता पार्टी को यह स्पष्ट करना होगा कि पिछले 8 वर्षों में उन्होंने किस आधार पर जनता से इतना कर वसूला, और क्यों अब अचानक उन्हें जनता की भलाई की याद आ रही है।

हम भाजपा सरकार से मांग करते हैं कि यदि सही मायने में भाजपा सरकार की टैक्स निति जनहितैष नीति थी तो जीएसटी के पूरे ढांचे की लोक आयोग से स्वतंत्र जांच करवाई जाए, ताकि जनता के सामने यह आ सके कि किस प्रकार इस कर (टैक्स) प्रणाली के माध्यम से आम जनता पर आर्थिक अत्याचार हुआ।

## सूत्र सम्मान कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को

**जगदलपुर**। लोक कवि ठा. पूरन सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष युवा कविता के लिए दिया जाने वाला प्रतिष्ठित सूत्र सम्मान इस वर्ष कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को दिये जाने का निर्णय लिया गया है। सांस्कृतिक नगरी कोण्डागांव में 25 अक्टूबर को सूत्र एवं ककसाड़, साहित्यिक पत्रिका के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम किया जायेगा। युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा का जन्म उ.प्र. के बुलन्दशहर में हुआ है। बी.ई., एम. टेक, पी.एच.डी. किये है। एक कविता संग्रह के अलावा प्रौद्योगिकी पर डॉ. शर्मा के शोधपूर्ण किताबें प्रकाशित है। हिन्दी के महत्वपूर्ण पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कविताएं, गजलें, समीक्षाएं व तकनीक के क्षेत्र में लेख प्रकाशित होती रहती है। वर्तमान में वे कोलकाता में कार्यकारी निदेशक के पद पर भारतीय रेलवे में पदस्थ हैं। विदित हो कि ठा. पूरन सिंह स्मृति सूत्र सम्मान वर्ष 1997 से देश के किसी एक संभावनाशील युवा कवि-लेखक को दिया जा रहा है। यह 28वां सम्मान है।

## पेड़ कटवाने के दौरान बंद हो रही बिजली, उपभोक्ता परेशान

**जगदलपुर**। शहर के धरमपुरा रोड से पल्ली नाका तक सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा, इसके लिए सड़क किनारे स्थित पेड़ों को काटे जा रहे हैं। वन विभाग इस सड़क में 64 पेड़ काटेंगे, इसमें से 41 पेड़ कटे। पेड़ काटने से वन विभाग ने बिजली दुर्घटना से बचने के लिए विद्युत कंपनी को क्षेत्र की बिजली बंद करने को कहा जाता है। इससे धरमपुरा जोन की ओर से दुर्घटना रोकने के लिए पेड़ कटाने के दौरान बिजली बंद किया जा रहा है। वहीं बिजली बंद होने से धरमपुरा क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान हैं।

**पेज 11 के शेष...**

### परलकोट परिवहन...

परिवहन के काम में मालिक को 40 प्रतिशत और परलकोट परिवहन संघ पखांजूर को 60 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी। बैठक के बाद दो से तीन साल तक यह व्यवस्था कायम रही। पिछले 2-3 सालों से बांस की कटाई कम होने के कारण ठेकेदार ही सारा ढुलाई का काम कर रहे थे। अब जब कटाई का काम फिर से शुरू हुआ है, तो ठेकेदार राजेश खंडेलवाल संघ को उनका हक नहीं दे रहे हैं। परिवहन संघ ने बांस ढुलाई के काम में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान परलकोट परिवहन संघ पखांजूर के अध्यक्ष दीपांकर सरदार, सचिव दीपक साहा, स्वतंत्र नामदेव,गोपाल कुंडू, दीपक बोस, परितोष सुत्रधर, विकास मंडल, राममोहन सिकदार, मुकुल पाल, प्रश्नजीत भद्रो, शंकर घोष एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### तीन गांजा तस्करों...

के पास घेराबंदी करके दबोचा। पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया। उनकी तलाशी लेने पर दो बैगों में भरा हुआ गांजा मिला। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों से पूछताछ किया जा रहा है कि गांजा उनके पास कैसे पहुँचा और गाँजा किसे देने जा रहे थे। पुलिस को संदेह है कि इस गिरोह में और भी लोग शामिल हो सकते हैं।

### धान उपार्जन केंद्र...

और उपार्जन केंद्र कुरना में 149 क्विंटल धान की कमी दर्शाने के आरोप भी हैं। इस कमी की भरपाई के लिए कर्मचारियों पर दबाव बनाकर बैंक से रकम निकालने और रिकॉर्ड में हेरफेर करने की कोशिश किया गया।

शिकायत मिलने पर प्राधिकृत अध्यक्ष संजय जुरी ने पूरे मामले का मिलान कराया तो अनियमितताओं का खुलासा हुआ। किसानों ने मौखिक रूप से भी शिकायत किया कि समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। नगद ऋण राशि की स्वीकृति में भी 1 से 2 माह की अनावश्यक देरी की जा रही है। किसानों और समिति पदाधिकारियों का कहना है कि प्रबंधक द्वारा लगातार गंभीर अनियमितताएँ और फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया




**भानपुरी।** विश्व अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत संचालित सभी शालाओ में वाद विवाद, रंगोली,चित्रकारी आदि का आयोजन कर उक्त दिवस को मनाया गया। साक्षरता रैली निकाली गई फिर एक जगह एकत्र होकर सामूहिक रूप से शपथ भी ली गई। आज ब्लॉक मुख्यालय बस्तर में भी अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साक्षर रैली निकाली गई व उपस्थित जनसमुदाय व स्कूली बच्चों की उपस्थिति में साक्षरता शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी, बी आर सी अजम्भर कोर्राम ,प्राचार्य सेजेस कन्या बस्तर चन्द्रभान मिश्रा,सेजेस बस्तर प्राचार्य मनोज सिंह सहित नगर पंचायत के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दिव्यांगता, समावेशन और नई शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के खंड श्रोत समन्वयक केंद्र में दिव्यांगता, समावेशन एवं नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बस्तर ब्लॉक के 45 से अधिक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एपीसी राजेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर एबीओ सुशील तिवारी सर एवं बीआरसी अजम्बर कोर्राम उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का संचालन एकता संस्था के डॉ. निराकर देवदास, डॉ. अलीवा सामल एवं डॉ. ऋतुपर्णा सारंगी ने किया। यह कार्यक्रम हैंडिकैप इंटरनेशनल के सहयोग से आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, समावेशी कक्षा का महत्व तथा नई शिक्षा नीति के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागी शिक्षकों ने इसे एक महत्वपूर्ण और सीखने योग्य अनुभव बताया। संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था सीबार वर्कर सुकमन कश्यप और मनकी कोर्राम ने की।

### सोमड़ी पोड़ियाम को मिला आर्थिक संबल

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सही मायने में जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक संबल उपलब्ध करा रही है। परिवार के मुखिया के आकस्मिक निधन होने पर उसके आश्रितों को आर्थिक मदद उपलब्ध कराने में इसकी उपयोगिता सिद्ध है इस क्रम में जिला दंतेवाड़ा के बैंक ऑफ बड़ौद्रा मेटापाल शाखा के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत ग्राम मेटापाल निवासी मृतक देवा पोड़ियाम की पत्नी सोमड़ी पोडियाम को 2 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई। गौरतलब है कि देवा पोडियाम का निधन 20 मार्च को हो गया था। इसके चलते उसके परिजनों द्वारा आवश्यक दस्तावेज 21 अगस्त को बैंक में जमा किए गए थे। जिसके बाद 1 सितम्बर को बीमा राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की गई। साथ ही इस अवसर पर वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# डिवाइडर में पौधे लगा कर जाली से किया जा रहा संरक्षित

हरिभूमि न्यूज : गीदम



नगर पंचायत क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और नगर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर पंचायत गीदम द्वारा मुख्य मार्ग में बने डिवाइडर और सार्वजनिक स्थलों पर पेड़-पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पहल न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मददगार साबित होगी, बल्कि नगर की सुंदरता में भी इजाफा करेगी। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बताया कि पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए जाली भी लगाई जा रही है, जिससे आवारा मवेशी या अन्य जानवर इन पौधों को नुकसान न पहुंचा सकें।

यह कदम पौधों की बेहतर देखभाल और उनके विकास को सुनिश्चित करेगा। नगर पंचायत गीदम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में कृष्णचन्द्र अवस्थी, कृष्णधर शर्मा, बजरंग माइंस एंड मिनरल्स के विजय जैन व रमेश सुराना

- नगर पंचायत क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और सौंदर्यीकरण की पहल

द्वारा भी विशेष सहयोग किया जा रहा है। साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे इन पौधों की देखभाल में सहयोग करें और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझें। नगर का पर्यावरण शुद्ध और स्वच्छ रहेगा।

हरियाली बढ़ने से नगर की सुंदरता में निखार आएगा। तापमान और प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। इस प्रकार यह पहल पर्यावरण को संरक्षित करने और गीदम को एक स्वच्छ, सुंदर, और हरित नगर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# व्यापारी कल्याण संघ के चुनाव में 18 सदस्यों ने लिए नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में व्यापारी संघ का गठन 60 वर्ष बाद पहली बार चुनाव प्रकिया से होने जा रहा है जिसको लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है किरंदुल

- आज होगा नामांकन फार्म जमा चुनाव चिन्ह का आवंटन

व्यापारी कल्याण संघ के चुनाव में सात पदों पर निर्वाचन होने जा रहा है मंगलवार दोपहर 1 बजे समय सीमा

**15 सितंबर को होगा चुनाव**



तक 18 व्यापारियों ने नामांकन पत्र लिया अध्यक्ष पद के 2 प्रत्याशी जयदीप माखन, ओम सोनी, उपाध्यक्ष के लिए 6 प्रत्याशी पंकज सिंहा,संजय सोनी, सुषमा साहू,राज प्रसाद, ऊषा साहू, पुष्पा मोहरे,सचिव पद पर 2 प्रत्याशी राजेश वेपरल, राज प्रसाद, सह सचिव के लिए 6 प्रत्याशी सिराज खान, सुजीत कुमार सोनकर, शेखर दत्ता, शिजिल बालन, मोहित धवन, मोहम्मद आसिफ ने नामांकन फार्म लिया कल बुधवार सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक नामांकन फार्म जमा करना है प्रत्याशी का दोपहर 3 से शाम 5 तक नाम वापसी रहेगा शाम 5 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा 15 सितंबर को प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा तत्पश्चात शाम 4 बजे से मतगणना प्रारंभ किया जाएगा।

### जेल में हुआ उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष कुणाल दुद्धावत के निर्देशानुसार एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा के मार्गदर्शन मे 8 सितम्बर जिला जेल में परिरुद्ध बंदियों हेतु अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया था। भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्रित योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह आयोजन किया जाना इसका प्रमुख उद्देश्य रहा।

# शिक्षकों का विरोध तेज, काली पट्टी बांधकर दर्ज कराया आक्रोश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर शेख रफ़ीक खान की पुनः पदस्थापना को लेकर गीदम ब्लॉक के शिक्षकों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसके विरोध में शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा करते हुए 09 सितंबर से 13 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन काली पट्टी लगाकर बच्चों को पढ़ाने का निर्णय लिया है।

आंदोलनरत शिक्षकों का कहना है कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित करना नहीं है, इसलिए वे अध्यापन कार्य जारी रखते हुए काली पट्टी पहनकर विरोध दर्ज करा रहे हैं। इसी कड़ी में आज पूरे ब्लॉक के शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में काली पट्टी पहनकर अध्यापन किया और विरोध स्वरूप सेल्फी लेकर सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किया। इस पदस्थापना को लेकर शिक्षकों में रोष का आलम ऐसा है कि सोमवार को भारी संख्या में शिक्षक वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

मंत्री कश्यप ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि शेख रफ़ीक खान को गीदम में कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जाएगा तथा उनकी पदस्थापना अन्यत्र की जाएगी। शिक्षकों का कहना है कि जब तक शासन-प्रशासन द्वारा स्पष्ट आदेश जारी नहीं होता, उनका विरोध इसी प्रकार जारी रहेगा।

# युक्तियुक्तकरण से अब नहीं है जिले का कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन, बीजापुर के 78 स्कूलों में पहुंचे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

शिक्षा के क्षेत्र में बीजापुर जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक मोड़ है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के 78 शिक्षक विहीन स्कूलों में अब नियमित शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि वर्षों से बंद पड़े स्कूलों में फिर से पढ़ाई होगी। जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशों के अनुरूप युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके तहत जिले में चिन्हांकित 198 अतिशेष शिक्षकों में से 189 शिक्षकों की नई पदस्थापना की गई है। इनमें 104 सहायक शिक्षक, 13 प्रधान अध्यापक प्राथमिक, 45 शिक्षक, 31 प्रधान अध्यापक (माध्यमिक) और 5 व्याख्याता शामिल हैं। नई पदस्थापना के तहत 82 शिक्षक पूरी तरह शिक्षकविहीन स्कूलों में, 44 शिक्षक एकल शिक्षक वाले स्कूलों में और 63 शिक्षक सामान्य जरूरत वाले स्कूलों में भेजे गए हैं। विशेष बात यह है कि जिले के 76 ऐसे स्कूल जो दो दशकों से बंद पड़े थे, वहां अब पहली बार नियमित शिक्षक तैनात किए गए हैं। इनमें गुंडापुर, मुदवेंडी, हिरमगुंडा, बोटेतोंग, गुंजेपरती, जीड़पल्ली और मुरकीपाड़ जैसे दुर्गम और अतिसंवेदनशील इलाके शामिल हैं। इन गांवों में अब शिक्षकों की नियमित आवाजाही शुरू होगी, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। इसी तरह एक उच्च माध्यमिक विद्यालय, जहां सभी व्याख्याता पद रिक्त थे, वहां अब हिंदी और सामाजिक अध्ययन विषयों के व्याख्याताओं की नियुक्ति कर दी गई है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी और स्कूल में विषयवार पढ़ाई सुनिश्चित की जा सकेगी। सरकार की इस पहल से शिक्षा व्यवस्था को मिली मजबूती एक बड़ा बदलाव लेकर आई है। इस युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से यह साफ है कि सरकार बीजापुर जैसे दूरस्थ और संवेदनशील जिलों में भी शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। वर्षों से सुनसान पड़े स्कूलों में अब फिर से बच्चों की आवाजें गूंजेंगी और उनके उज्जवल भविष्य की नई इबारत लिखी जाएगी।

# पीएम आवास योजना के कार्यों में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर ने सोमवार को पंचायत स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवासीय योजनाओं के क्रियान्वयन को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में सभी स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय सीमा 30 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाए ताकि प्रत्येक पात्र परिवार को उसका आवास मिल सके।

- छूटे हितग्राहियों का सर्वे कर 100 प्रतिशत आवास पूर्ण करने का लक्ष्य

उन्होंने विशेष रूप से स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत छूटे हुए हितग्राहियों का शत-प्रतिशत सर्वे कर उन्हें योजना से जोड़ने और स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत भी सभी पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर



उन्हें आवास प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी करने पर बल दिया। इसके अलावा, वर्ष 2024-26 के स्वीकृति गैप को शत-प्रतिशत पूरा करने और आवास निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर परिवार तक आवास पहुँचना है और पंचायत अधिकारियों को सेवा भावना के साथ कार्य करना चाहिए। ठाकुर ने अधिकारियों से नियमित समीक्षा कर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर आवास पूर्ण कर ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# नवा जुहारनी कार्यक्रम में केशापुर पहुंचे जनपद उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

बस्तर का नवाखानी त्यौहार स्थानीय लोगों द्वारा प्रेम सदभावना और आस्था के साथ मनाया जाता हैं। सोमवार को दरभा विकासखंड के केशापुर गांव में नवा जुहारनी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में दरभा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी विशेष रूप से मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गए थे। जनपद उपाध्यक्ष ने अपने गरिमामयी उपस्थिति के दौरान गांव के बुजुर्गो एवं महिलाओं को पुष्पहार एवं गमछा पहना कर



सम्मानित किया। साथ ही गरिमामयी रीति-रिवाज के अनुरूप बड़ों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। जिससे वातावरण अत्यंत भावुक एवं सदभावना पूर्व हो गया।

जनपद उपाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्थानीय त्यौहार सबको जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही दुःख सुख बांटने का अवसर प्रदान करते हैं। नवाखानी त्यौहार हमारे पूर्वजों द्वारा चलाया गया हैं, त्यौहार वर्तमान पीढ़ी के लिए विरासत की तरह हैं इसके गरिमा एवं अंतर्निहित भावनाओं को सुरक्षित रखते हुए हमें इसे सरक्षित रखना हैं। आधुनिक तामझाम के समय में भी हमारी परम्पराएं हमारे लिए प्रेणा के स्त्रोत हैं। इस दौरान छोटे बच्चों को काफी, पुस्तक, पेन आदि वितरित किया गया। गांव के बुजुर्गो ने भी अपना विचार रखा और सब मिलजुलकर एक साथ रहकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस नवा जुहारनी कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ पुजारी, पेटल, कोटवार एवं गांव के सरपंच नीलू कश्यप, सचिव रामधर कश्यप, मूलचंद सेठिया, दलपत राय अंकित रजक, जानकी राम मौर्य व अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहें।

# सरपंच ने दिया ग्राम सभा सशक्तिकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

धमतरी जिला के ग्राम बरधाना एवं कारीपानी उपक्षेत्र बोरई ग्राम में आयोजित नावखानी ठाकुर जौहरनी मिलन समारोह में चित्रकोट ग्राम पंचायत के सरपंच भंवर मौर्य पहुंचे।

कार्यक्रम में उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की असली सरकार है और जब तक ग्राम सभा सशक्त नहीं होगी, तब तक गांव का विकास अधूरा रहेगा। भंवर मौर्य ने कहा कि ग्राम पंचायत सरपंच का कर्तव्य केवल योजनाओं को लागू करना नहीं है, बल्कि ग्राम सभा को जागरूक और मजबूत बनाना भी है।



उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंचायती राज व्यवस्था में 29 विषय पंचायतों को सौंपे गए हैं, जिन पर काम करके गांव आत्मनिर्भर और विकसित बन सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि समता जजमेंट 1997 में सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कहा था कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों की जमीन निजी कंपनियों को नहीं दी जा सकती और इन क्षेत्रों पर आदिवासी समुदाय तथा ग्राम सभा का अधिकार सर्वोच्च है। इसी तरह, वेदांता नियामगिरि जजमेंट 2013 में अदालत ने निर्णय दिया कि बोंधा आदिवासी समुदाय की आस्था और अधिकार की रक्षा केवल ग्राम सभा ही कर सकती है और किसी भी खनन परियोजना को लागू करने से पहले ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि ये दोनों फैसले हमें यह सीख देते हैं कि अगर ग्राम सभा एकजुट और जागरूक हो जाए, तो वह अपने हक और अधिकार की रक्षा कर सकती है। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने भाग लिया। सभी ने भंवर मौर्य के विचारों की सराहना की और ग्राम सभा को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# विज्ञान को केवल पढ़ें नहीं, बल्कि उसे जीवन में अपनाएं : प्रज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के द्वारा जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से गीदम विकासखंड के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पाँच दिवसीय साइंस कैंप का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस के अम्बस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप सिंह गौतम, गीदम विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पूनेम, एपीसी कमल कर्मकार, खंड स्रोत समन्वयक जीतेन्द्र चौहान एवं आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य बिरेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने बताया कि यह पहल से शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और बच्चों में आत्मविश्वास जगाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी एवं दृष्टिकोण और तार्किक सोच को मजबूत करेगा। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार की भावना जागृत करेगा जो भविष्य में उन्हें



एक सजग, सक्षम एवं प्रभावशाली नागरिक के रूप में विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी प्रज्ञा कदम ने विज्ञान कार्यशाला का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि साइंस कैंप बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और जिज्ञासा को विकसित करेगा। विद्यार्थी प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को केवल पढ़ें नहीं, बल्कि उसे जीवन में अपनाएं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ एस कर्मकार एवं परियोजना संचालक डॉ. शिरीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

# नोटरी की नियुक्ति की मांग

## मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उठाई आवाज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

दंतेवाड़ा जिले के बचेली नगर को तहसील का दर्जा मिले एक दशक पूरा हो चुका है, लेकिन वहां अब तक अधिकृत नोटरी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। इस समस्या को लेकर गजराज कैंप किरंदुल निवासी प्रवेश कुमार जोशी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्थायी नोटरी की नियुक्ति की मांग की है।

जोशी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि बचेली को वर्ष 2015 में तहसील घोषित किया गया था, परंतु आज तक वहां नोटरी की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस कारण नगरवासियों को अपने महत्वपूर्ण दस्तावेजों का सत्यापन कराने के लिए दंतेवाड़ा जाना पड़ता है। इससे किरंदुल-बचेली इलाके के लोगों को अनावश्यक यात्रा करनी पड़ती है और समय व धन की बर्बादी भी होती है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर इस विषय पर समीक्षा की जाए और शीघ्र निर्णय लेकर बचेली तहसील में अधिकृत नोटरी की स्थायी नियुक्ति की जाए। जोशी का कहना है कि ऐसा होने से किरंदुल-बचेली क्षेत्र की लगभग 60000 की आबादी को राहत मिलेगी और लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

उनका मानना है कि यह समस्या लंबे समय से लोगों को परेशान कर रही है और इसके समाधान के लिए सरकार को शीघ्र कदम उठाना चाहिए। विशेष सुत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक सभी तहसील के लिए शासन द्वारा नोटरी के लिए नियुक्तियां की गई है परन्तु सभी नोटरी जिला मुख्यालय में ही बैठते हैं।

# संग्रहालय के लिए पुराने वस्तुओं को दान देने आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पीएमश्री एकलव्य आदर्श विद्यालय कटेकल्याण वर्तमान संचालित जावंगा में पालक शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। इसके उपरांत प्राचार्य कुलदीप सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया तथा बैठक के उद्देश्यों की रूपरेखा अभिभावकों के समक्ष रखी गई।

जिनमें विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक उपलब्धियां, बच्चों की पढ़ाई एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा छात्रावास में पालकों द्वारा बच्चों से मिलने एवं छुट्टी में लेने व छोड़ने से संबंधित जानकारी शामिल थी। विद्यार्थियों की कक्षा-वार प्रगति, अधिगम स्तर एवं परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। वृषभान खांडेकर उप-प्राचार्य द्वारा मेस संचालन, खान-पान गुणवत्ता, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं दैनिक समय सारणी से



संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की गई। आलोक सोनवाने द्वारा कक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा एवं अन्य आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष चर्चा की गई तथा बोर्ड परीक्षा में अपार आईडी की अनिवार्यता एवं आधार कार्ड में आवश्यक सुधार कार्य हेतु पालकों को सुझाव दिया गया। विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन एवं परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर बल दिया गया। शिशुपाल यादव द्वारा विद्यार्थियों को टाटा मोटर्स में रोजगार के अवसर तथा बारहवीं के बाद उपलब्ध कोर्स के बारे में जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यावसायिक शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शालीन द्वारा विद्यालय के एक छोटा सा हिस्सा में आदिवासी संस्कृति से संबंधित संग्रहालय के लिए पालकों से अपने पुराने वस्तुओं को स्कूल में दान के रूप में देने हेतु आग्रह किया गया तथा विद्यालय में सांस्कृतिक एवं पारंपरिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने पर सुझाव प्रस्तुत किए गए। महेंद्र शर्मा द्वारा तलाश नैतिक मूल्य शिक्षा पर जानकारी दी गई। बैठक में अभिभावकों द्वारा भी विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं अनुशासन से संबंधित मुद्दों पर रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए गए। अंत में प्राचार्य कुलदीप सिंह ने सभी पालकों का आभार व्यक्त किया। पालकों से सुझाव एवं सहयोग प्राप्त किया गया तथा विद्यालय की प्रगति के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया।

# कांग्रेस बौखला कर मंत्री के विरूद्ध दुष्प्रचार कर रही : दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा नेता जयराम दास ने जारी बयान में कहा है कि पिछले दिनों जो घटनाक्रम हुआ उससे ये स्पष्ट हो चुका है कि जमीन से जुड़े आदिवासी जननेता केदार कश्यप के विरूद्ध दुष्प्रचार कर कुछ समय तक कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल सुर्खियों में बने रह सकते हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में चल रहे जनहित के कार्यों से कांग्रेस बौखला चुकी है यही कारण है कि उनके विरूद्ध दुष्प्रचार कर रही है। कांग्रेस की ये चाल न कभी सफल होगी और न ही जनता इसे स्वीकार करेगी। उससे कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता सामने आ गई है। इससे पहले भी आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आपत्तिजनक कार्टून बनाकर कांग्रेस ने ओछी राजनीति की। इसके बाद उन पर गोबर फिंकवाने की घटनाएं भी करवाई। अब वही कांग्रेस आदिवासी नेतृत्व को कमजोर करने और बदनाम करने का प्रयास कर रही है।



- भाजपा नेता ने कांग्रेस पर किया पलटवार

जयराम दास ने कहा कि मंत्री व आदिवासी जननेता केदार कश्यप का सेवा से जुड़ा जीवन जनता के सामने है। कांग्रेस मुद्दों की कमी के कारण आदिवासी नेतृत्व को निशाना बना रही है, लेकिन जन सेवा का साथ देने वाले समर्पित नेताओं को झूठे आरोपों से गिरने नहीं देगी। आने वाले समय में जनता कांग्रेस को जवाब देगी।

## खबर संक्षेप



### प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर किया गया सम्मान

**कांकेर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी के प्रधान अध्यापक सतरूपा मंडावी के प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर 9 सितंबर को विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर मुख्य अतिथि सरपंच मनोज कवाची, उपसरपंच श्रवण टेकाम, सचिव दुलचंद पटेल, पन्नालाल कवाची, लीलावती नाग, करुणा नेताम, कौशल मंडावी, राहुल देवांगन, सुरेश कोसरिया, सुशीला दुग्गे, विवेक, तनुजा नेताम व अन्य उपस्थित रहे।

### रोजगार मेला के लिए पंजीयन 16 व 17 को

**कांकेर।** राजधानी रायपुर में 9 व 10 अक्टूबर को प्रस्तावित राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए पॉलीटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थीयों का पंजीयन शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में दिनांक 16 एवं 17 सितंबर को किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में 16 एवं 17 सितंबर को निःशुल्क पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

तैयारी : 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होंगे विविध आयोजन

# भाजपा की सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला, तय की गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी प्रति वर्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम चलाएगी, इस पर रणनीति बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि पार्टी ने जिन कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी है वे पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जो कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाएगा पार्टी उसे सम्मानित भी किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम सिर्फ जिला स्तर पर ही नही अपने-अपने बूथ तक करना है। भाजपा के जनप्रतिनिधि भी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की चिंता करते हुए अपनी भागीदारी निभाए। ज्यादा से ज्यादा लोगो को इस कार्यक्रम से जोड़ें। समाज सेवको का सम्मान करते शाल व श्रीफल भेंट करें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए रामू रोहरा ने कहा कि 17 सितम्बर को विश्व के ताकतवर व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के लिए जिला व मण्डल स्तर पर समिति बन चुकी है, जो सेवा पखवाड़ा के दौरान होने वाले कार्यक्रम का क्रियान्वयन करेगी।





■ कार्यकर्ताओं को दी गई जिम्मेदारी, हर बूथ पर पहुंचेगा अभियान

### अभियान के दौरान होंगे विविध कार्यक्रम

सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, देव स्थलों की सफाई, आरोग्य मंदिरों में शिविर, प्रदर्शनी का आयोजन, मैराथन का आयोजन, आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया, एक पेड़ माँ के नाम, दिव्यांगों को उपकरण का वितरण, विकसित भारत , सांसद खेलकुद प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला से लेकर मण्डल स्तर तक करना है और कम से कम 75 लोगो का रक्तदान करवाना है, इसमें सभी समाज को शामिल करें। मैराथन दौड़ और फिट इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करने का कार्यक्रम होगा।


### खिलाड़ी 20 तारीख तक कराएं पंजीयनः भाजपा जिलाध्यक्ष

भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन 20 तारीख तक करें । यह कार्यक्रम ग्राम स्तर, विधानसभा स्तर और अंत मे लोकसभा स्तर पर होगा। ग्राम स्तर पर विजेता खिलाड़ी विधानसभा स्तर पर भाग लेगा और विधानसभा स्तर के विजेता लोकसभा स्तरीय खेल में शामिल होगा। सभी मण्डल अध्यक्ष इस बात की जानकारी बूथ स्तर पर खिलाड़ियों को दे व उनका पंजीयन करवाएं। जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि जिला कार्यशाला के पश्चात मण्डलो में कार्यशाला आयोजित होगा। आभार प्रदर्शन राजा देवनानी ने किया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यशाला में किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर, राजीव लोचन सिंह, हीरा मरकाम, मोनिका साहा, संजय सिन्हा, राजा पांडेय, उमा शर्मा, ईश्वर कावड़े, नंदू ओझा, उत्तम यादव, श्यामल मण्डल, पीयूष कश्यप, टेकेश्वर सिन्हा, शंकर सरकार, दीपक खटवानी, विजयलक्ष्मी कौशिक, संजू गोपाल साहू, तेजेश्वरी सिन्हा, मीरा सलाम, घनेंद्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, जीतू मरकाम, मनीष जैन, उगेश्वरी उइके, खेम तिवारी, जयंत अटभैया एवं अन्य उपस्थित रहे।

# स्कूटी और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत कापसी के कॉलोनी पास सड़क दुर्घटना में बाइक में सवार तीन युवकों को गंभीर चोट आया था। सभी घायलों को इलाज के लिए कापसी के अस्पताल में लेकर गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने बताया कि तीन युवक में से एक की मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए विवेचना में लिया था और विवेचना में मिली रिपोर्ट के आधार पर बाईक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विवेचना में पाया गया कि 15 अगस्त को मृतक विश्वजीत उर्फ विक्की वाहन क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 3505 में सवार होकर खैरकट्टा डेम घूमने गया था और उसके मोटर सायकल में दो दोस्त इन्द्रजीत हालदार और राजा मंडल बैठे थे। स्कूटी को विश्वजीत बेनर्जी चला रहा था। दोपहर करीबन 1 बजें न्यू कालोनी कापसी सुब्रत के पास मेनरोड पर पहुंचे थे। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल वाहन क्रमांक एमएच 33 एजी 1923 के चालक पीव्ही 01 रामनगर निवासी गोपाल शील मोटर सायकल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर विश्वजीत बनर्जी के स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से विश्वजीत बनर्जी के मुंह व सीना में चोट लगा और बेहोश हो गया था। उसके साथी इन्द्रजीत हालदार के दोनो पैर व मुंह के पास चोट और राजा मंडल के सिर व गर्दन के पास चोट लगा था। घायलों को इलाज के लिए कापसी के अस्पताल में ले जाया गया। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने परिक्षण कर बताया कि विश्वजीत बनर्जी की मौत हो चुकी है। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक एमएच 33 एजी 1923 के चालक गोपाल शील के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

# सरवांडी में लगा प्रशिक्षण शिविर अभियान का बताया उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सरवांडी में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में सारवंडी, मालगांव, चोरीया, दलदली, धनोरा, शमतारा, घोटीयावाही एवं मडारदरहा कुल 7 ग्राम पंचायत के ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीणों को बताया कि पंचायत प्रतिनिधि ही गांव की प्रगति और विकास की रीढ़ हैं। शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को सही तरीके से लागू करने से ही गांव आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकता है। इस दौरान सामाजिक सरोकार, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, पोषण, स्वच्छता और मनरेगा जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने भी अपने विचार रखे और विकास कार्यों से जुड़ी समस्याओं पर सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रभु राम मंडावी ने किया। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ती है और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक समय पर पहुंचता है। शिविर में आसपास के गांवों से भी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और



आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों को शासन की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों तथा ग्राम स्तर पर संचालित गतिविधियों की जानकारी देना और उन्हें जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए जागरूक करना था।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर कांति नगे, सरपंच सरिता भास्कर, जनप्रतिनिधि रामेश कुंजाम, हृदय राम भास्कर, राजेंद्र मरकाम, माहेश्वरी शोरी, संगिता मरकाम, संतोषी नेताम, सचिव प्रभु राम मंडावी, प्रफुल्ल साहू, दिनेश भुअर्य, संतोष लोनहारे, घनश्याम जैन, झगड़ु राम बघेल, बिनेशवरी मरकाम तथा वार्ड पंच दयाराम भास्कर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# सरस्वती सायकल योजना का लाभ कोकानपुर स्कूल की छात्राओं को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

कोकानपुर हाईस्कूल में नव प्रवेशी बालिकाओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया गया। उच्च कक्षा में बच्चों की दर्ज संख्या में कमी को देखते हुए प्रदेश सरकार कि महत्वाकांक्षी योजना, जिसमें बालिकाओं को आने जाने कि सुविधाओं को ध्यान रखते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा यह योजना चलाया जा रहा है। बालिकाओं को विद्यालय आने जाने में देर ना हो। इसी उद्देश्य से सरस्वती साइकिल योजना आरम्भ किया तब से प्रतिवर्ष सभी बालिकाओं को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। सरपंच कली राम ऊईके ने उपस्थित सभी को शासन की योजनाओं का लाभ उठाने कहा और संस्था की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए प्रयास करने आश्वस्त किया। शाला प्रबंध एवं विकास समिति अध्यक्ष माखन सिंह मंडावी ने सायकल प्राप्त करने वाले सभी बालिकाओं को प्रतिदिन विद्यालय समय पर आने कहा। व्याख्याताओ को संस्था को नई ऊंचाइयों में ले जाने प्रयास करने कहा। पंच पारस मणि जैन ने संस्था में सभी विषय विशेषज्ञों के होने व प्राचार्य के होने से सभी बच्चों को मन लगा कर पढ़ने कहा और न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपितु अन्य गतिविधियों खेल, कला, प्रदर्शनी आदि में भी विद्यालय का नाम रोशन करने कहा। प्राचार्य हाई स्कूल कोकानपुर शकुन्तला ठाकुर ने उपस्थित सभी को सरस्वती साइकल वितरण कार्यक्रम में शामिल होने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर व्याख्याता दोगेन्द्र सिंह कश्यप, जयश्री कावड़े, अनामिका साहू, हलाली कुदराम, करुणा देहारी, पंचायत कोकानपूर से उपसरपंच योगिता राघवेंद्र राजपूत, पंच पूर्णिमा साहू, रेखा पिद्दा, शाला प्रबंध समिति सदस्य टाकेश धनकर, लिलेश साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बरकई में शव दफनाने की बात को लेकर हुई गहमागहमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

चौकी दुधावा बरकई में बीमारी से ग्रसित ग्रामीण का मौत होने पर उसके कफन दफन की बात को लेकर ग्रामीण और मृतक के परिवार वालो के बीच गहमा गहमी हो गई। ग्रामीणों का कहना था कि शव को हिंदू रिति रिवाज के साथ गांव में अंतिम संस्कार किया जाएगा, जबकि मृतक के परिवार वाले ईसाई धर्म के अनुसार अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंत में पुलिस की समझाईश के बाद ईसाई समाज के लोग गांव से लेकर अपने शमशान घाट दफनाने ले गए। जानकारी के अनुसार मृतक बरकई निवासी 70 वर्षीय चरण नेताम पिता बिज्जू नेताम की बीमारी के चलते 9 सितंबर मंगलवार को निधन हो गया। मृतक के तीन पुत्र में से छोटा पुत्र ईसाई धर्म से जुड़ा हुआ हैं। गांव वालों को पता चला तो उन्हें मसीही समुदाय से जुड़े व्यक्ति के पिता के निधन पर गांव वालों ने कहा कि हमारे गांव का व्यक्ति है, जो हिन्दू धर्म के अंतर्गत आता है, लेकिन इनके छोटे पुत्र



■ गांव में नहीं करने दिया दफन

बिरेन्द नेताम ईसाई धर्म से जुड़े हुए हैं, इसलिए हमारे गांव में मृतक को दफनाने नहीं देंगे। अगर गांव में दफनाया जाएगा तो हिन्दू रीति-रिवाज से मृत संस्कार कार्यक्रम किया जाएगा, इससे हमें कोई आपत्ति नही है, लेकिन मृतक को छोटा लड़का ने कहा कि मैं ईसाई रीति-रिवाज से दफन करूंगा। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि ईसाई धर्म के अनुसार चलोगे, तो हम शव को गांव में नहीं दफनाने देंगे। माहौल गरमा गया औरइ इसकी जानकारी पुलिस एवं राजस्व अमले को दिया गया। घटना की खबर मिलते ही दोनो विभाग की टीम मौके पर दल



बल के साथ पहुँची।

दुधावा चौकी प्रभारी योगेन्द्र कुमार वर्मा एवं तहसीलदार मोहित कुमार साहू ने दोनों पक्ष, गांव वालों और मसीही समुदाय के लोगों समझाया कि गांव वाले हिन्दू रीति-रिवाज से मृत संस्कार करने के लिए राजी हैं, लेकिन इनके पुत्र नहीं माने इसलिए ईसाई समुदाय के कब्रिस्तान में ले जाकर दफनाने को समझाया गया। अंततः समाज के लोग मृतक को दफनाने के लिए दूसरे स्थान पर ले गए। उसके बाद गाँव का माहौल शांत हुआ।

# आदर्श महाविद्यालय में रजत जयंती पर हुईं विविध स्पर्धा

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय मे 9 सितम्बर को रजत जयंती समारोह के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य छात्रों में राज्य के इतिहास, संस्कृति, परंपरा एवं विकास यात्रा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। क्विज प्रतियोगिता का विषय छत्तीसगढ़ का इतिहास, संस्कृति और भौगोलिक पृष्ठभूमि रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और छत्तीसगढ़ की गौरवशाली धरोहर पर रोचक प्रश्नोत्तर हुए। भाषण प्रतियोगिता का विषय छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं का महत्व रहा। विद्यार्थियों ने प्रभावी वक्तृत्व के माध्यम से राज्य की विविध सांस्कृतिक परंपराओं, लोककला, लोकनृत्य, त्यौहार एवं सामाजिक समरसता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय 25 वर्षों की उड़ान रू नया छत्तीसगढ़, नई पहचान रखा गया। इसमें प्रतिभागियों ने रचनात्मकता और रंगों के माध्यम से राज्य के विकास, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शित किया। पूरे आयोजन में छात्रों का उत्साह देखने योग्य रहा। निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य की प्रगति यात्रा को याद करते हुए नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रियंका जायसवाल, सहायक प्राध्यापक प्रियंका गवर्ना, डॉ अशोक कुमार भारती, क्रीड़ा अधिकारी नीरज कुमार पटेल, अतिथि व्याख्याता चित्रसेन राय, डॉ आभा श्रीवास्तव, विनय कुमार प्रधान, सत्यप्रिया जैन और विधार्थी उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

सत्र 2025 का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को पखांजूर न्यायालय परिसर में आयोजित होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पखांजूर विजय कुमार मिंज और व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी ध्रुवराज ग्वाल ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक करके मामले के निराकरण पर चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभों पर विस्तार से चर्चा किया गया, इसमें बताया गया कि इस अदालत में घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, चेक बाउंस और राजीनामा योग्य आपराधिक मामलों जैसे प्रकरणों को निपटाया जा सकता है। लोक अदालत के माध्यम से इन मामलों को सुलझाने के नियम और फायदों के बारे में भी जानकारी दिया गया। पैनल अधिवक्ताओं को मध्यस्थता प्रक्रिया के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके कानूनी महत्व, समय और लागत की बचत और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के तरीकों के बारे में समझाया गया। अधिवक्ताओं से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करें। यह पहल लोगों को त्वरित और किफायती न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न्यायपालिका पर बोझ भी कम होगा। बैठक में तालुका विधिक सेवा समिति के उपाध्यक्ष गोपाल शील, अधिवक्ता दीपक विश्वास, अधिवक्ता अहिरंजन सरकार और अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

■ अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने पर जोर



### कुरंदी में समस्याओं को हल करने की मांग, मिला आश्वासन

**जगदलपुर।** कुरंदी ग्राम पंचायत पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से ग्रामवासियों ने क्षेत्र के विकास को लेकर सड़क, पानी एवं अन्य समस्याओं की मांग रखी। जिस पर उन्होंने कहा कि सभी मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा । जगदलपुर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चरणबद्ध होगा आंदोलन

# कृषि अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर किया शासकीय कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिले के सभी विकासखंड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अपनी 9 सूत्रीय लंबित मांगो को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 8 सितंबर को काली पट्टी लगाकर विरोध किया।

जिला अध्यक्ष गुमेश नाग ने कहा की शासन का ध्यानाकर्षण करने 9 सूत्रीय मांगो को लेकर चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन का आज पहला दिन कांकेर जिले एंव ब्लॉक के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा अपनी लंबित मांगो की पूर्ति हेतु विरोध स्वरूप कालीपट्टी लगाकर विभागीय कार्य किया गया। जिला अध्यक्ष ने शासन से अव्हान करते हुए कहा कि शीघ्र ही कृषि अधिकारियों की लंबित 9 सूत्रीय मांगों को सरकार पूरा करे, जिसमें वेतनमान संशोधन 43 सौ ग्रेट पे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एंव कृषि विकास अधिकारी के कार्य क्षेत्र का पुनर्निर्धारण, मासिक स्थाई भत्ता में वृद्धि कर 2500 रूपएं करने, विभागीय कार्य सम्पादन के लिए मोबाईल, इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी इत्यादि के लिए संसाधन भत्ता, विभगीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता, मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को कृषि विस्तार अधिकारी करने की मांग की गई है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एंव कृषि विकास अधिकारियों की डियूटी गैर विभगीय कार्यो फसल गिरदावरी, डिजिटल क्रॉप सर्वे, सड़को को मवेशी मुक्त करने गठित दल, ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत नोडल अधिकारी, धान उपार्जन केंद्र प्रभारी अधिकारी ट्रस्टेड पर्सन नोडल अधिकारी, धान खरीदी नाका जांच प्रभारी, धान खरीदी ट्रस्टेड पर्सन बायोमेट्रिक फिंगर कार्य, धान खरीदी निगरानी समिति, नियद नेल्लानार, स्कूलों परीक्षा केंद्रों में पर्यवेक्षक ऑब्जर्वर कार्य, पीएम आवास सर्वे एंव नोडल अधिकारी डियूटी, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आयुष्मान कार्ड वंदन इत्यादि।



